डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः CoE/567/2023 दिनांकः 06/09/2023

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 जून–2023 की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा परास्नातक जून–2023 की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के आयोजन के सन्दर्भ में निम्नवत् तिथियाँ निर्धारित की जाती हैः–

1	परीक्षा पोर्टल खोले जाने की तिथि	दिनांक 06.09.2023
2	बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 12.09.2023
3	परीक्षा फार्म पूरित किये जाने की अन्तिम तिथि	दिनांक 15.09.2023
4	प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने की तिथि	दिनांक 17.09.2023
5	परीक्षा आरम्भ होने की प्रस्तावित तिथि	दिनांक 22.09.2023

उपर्युक्त के सम्बन्ध में सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की **द्वितीय एवं चतुर्थ** सेमेस्टर मुख्य/पुर्नपरीक्षा में सम्मिलित होने वाले अर्ह परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालयों के लॉगिन के माध्यम से पूरित करने की प्रकिया को सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देश प्रेषित हैः–

1. विश्वविद्यालय की official website **www.dbrau.ac.in** के माध्यम से सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को उनके ई–मेल आई0डी0 पर लॉगिन आई0डी0 सम्बन्धी सूचनायें प्रेषित की जा चुकी है, के द्वारा लॉगिन करना होगा।
2. संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय के लॉगिन करने के पश्चात, पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर चयनित करने पर पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी विद्यार्थियों की सूची, अनुक्रमांक, वेब रजिस्ट्रेशन, नामांकन संख्या के साथ प्रदर्शित होने लगेगी। सभी छात्रों के आगे एक Select Button होगा। निर्धारित संख्या के अनुसार बैच बनाकर परीक्षार्थियों को Select करने के बाद परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से शुल्क जमा करने के उपरान्त जमा शुल्क वाली सूची स्वतः प्रदर्शित हो जायेगी, इसके पश्चात् उन सभी छात्र/छात्राओं के आगे दिये गये Verification बटन को दबाने से परीक्षा फार्म स्वतः खुल जायेगा।
3. परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म Verification हेतु खुल जायेंगे, जिसमें विद्यार्थियों का विवरण और विषय चयन करने का ऑप्शन होगा।
4. विद्यार्थियों की प्रारम्भिक प्रदर्शित सूचनाओं के नीचे उस विद्यार्थी के लिए परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रश्नपत्रों की सूची चयन हेतु प्रदर्शित होगी।
5. विद्यार्थियों को सत्यापित करने के पश्चात् सभी छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र (पाठ्यक्रमानुसार) PDF फार्मेट में डाउनलोड किये जा सकते है।
6. उक्त प्रकिया के पूर्ण होने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों की उपस्थिति शीट सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र द्वारा निकाली जा सकेगी।

उपरोक्त से सम्बन्धित यदि किसी भी सम्बद्ध महाविद्यालयों को कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है तो उक्त तकनीकी समस्या के समाधान हेतु **हेल्प लाइन मोबाईल न0 07839142531 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्र/छात्रों को अवगत कराते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
3. अधीक्षक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/गोपनीय/परीक्षा।
5. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में दैनिक समाचार पत्रो में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड हुए परीक्षाफार्म भरवाना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक